दिन– मंगलवार दिनांक– 14 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी का निधन। नई दिल्ली के एम्स में ली अंतिम सांस।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में अपना पर्चा भरेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर सत्तावन दशमलव शून्य–छह फीसदी हुआ मतदान।

04. और, पश्चिमी परिसंचरण का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकतर भागों में वर्षा में कमी। अगले चार दिनों तक तापमान में होगी वृद्धि। सत्रह मई से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।

---

पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी का कल देर शाम नई दिल्ली में निधन हो गया। वे बहत्तर वर्ष के थे। उन्होंने नई दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। वे पिछले नौ अप्रैल से एम्स में भर्ती थे। वे यूरिनरी ब्लैडर के कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने अपनी बीमारी के बारे तीन अप्रैल को सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी दी थी। इसके बाद वे नौ अप्रैल को एम्स में भर्ती हुए थे। उनका पार्थिव शरीर पटना लाया जा रहा है। जिसके सुबह ग्यारह बजे तक पटना पहुंचने की संभावना है। अंतिम दर्शन के लिए पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में उनका पार्थिव शरीर रखा जाएगा। आज ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सुशील मोदी तीन बार विधायक रहे थे, जबकि भागलपुर से एक बार लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। दो हजार पांच में वे एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाए गये थे। वे लगभग ग्यारह वर्षों तक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे। दो हजार बीस में पहली बार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और उनका कार्यकाल इसी साल अप्रैल में समाप्त हुआ था। श्री मोदी उन्नीस सौ चौहत्तर के छात्र आंदोलन के प्रमुख नेता थे। साथ ही पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के महासचिव भी रह चुके थे। वे पहली बार उन्नीस सौ नब्बे में वे पटना मध्य से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे। उन्नीस सौ छियानवे में बिहार विधानसभा के

नेता प्रतिपक्ष चुने गए थे। वे लगभग चौंतीस वर्षों तक लगातार संसद और विधान मंडल के सदस्य रहे थे।

---

सुशील मोदी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा है कि बिहार में भाजपा के उत्थान और सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार ने एक महान राजनीति को हमेशा के लिए खो दिया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि सुशील मोदी का पूरा जीवन बिहार के लिए समर्पित था और उनके प्रयास राज्य को विकास के पथ पर ले जाने में काफी मददगार रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि मैने सच्चा दोस्त और कर्मठ नेता खो दिया है। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

---

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। उनके नामांकन समारोह में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी तथा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस शामिल होंगे। इधर, पटना साहिब से कांग्रेस उम्मीदवार अंशुल अभिजित आज नामांकन करेंगे। इससे पूर्व कल पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र से राजद उम्मीदवार मीसा भारती, सासाराम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के मनोज कुमार और बहुजन समाज पार्टी के संतोष कुमार ने नामांकन पत्र भरा। बक्सर से पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस चरण के लिए पंद्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार सत्रह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान एक जून को होगा।

---

लोकसभा चुनाव के देश में चौथे चरण में सरसठ दशमलव सात–एक प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चरण में नौ राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश की छियानवे लोकसभा सीट पर मतदान हुआ। इधर, चौथे चरण में राज्य की पांच संसदीय सीटों– दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न हो गया। इस चरण में सत्तावन दशमलव शून्य–छह प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। ताजा जानकारी के अनुसार बेगूसराय में अंठावन दशमलव एक–चार प्रतिशत मतदान हुआ। दरभंगा में छप्पन दशमलव छह–शून्य, मुंगेर में तिरेपन दशमलव नौ–दो, समस्तीपुर में अट्ठावन दशमलव तीन–दो और उजियारपुर में अंठावन दशमलव पांच–एक फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

---

लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों के लिए प्रचार अभियान जोरों पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभा और रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि राजद और कांग्रेस जैसी राजनीतिक पार्टियां कभी भी लोगों के कल्याण के लिए काम नहीं करेगी, क्योंकि वे अगली पीढ़ी के लिए सम्पत्ति जुटाने में व्यस्त हैं।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन धर्म के आधार पर आरक्षण देने की साजिश कर रहा है, जिसे भाजपा कभी सफल नहीं होने देगी।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात महाराजगंज लोकसभा सीट की। महाराजगंज बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र वर्ष 1957 में अस्तित्व में आया था। पूर्व प्रधानमंत्री और महान समाजवादी नेता चंद्रशेखर भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में यहां से भाजपा के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को जीत मिलती रही है। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, विपक्षी गठबंधन से कांग्रेस ने आकाश कुमार सिंह को टिकट दिया है। आकाश कुमार सिंह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे हैं। इस बार के चुनाव में कुल 5

उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार शक्ति संतुलन देखें तो 6 में से 4 सीटों पर विपक्षी गठबंधन के घटक दलों का कब्जा है और 2 सीट पर भाजपा के विधायक हैं। एकमा और बनियापुर सीट पर राजद, महाराजगंज पर कांग्रेस और मांझी सीट पर सी पी एम के विधायक हैं जबकि गोरेयाकोठी और तरैया विधानसभा सीट भाजपा के कब्जे में है। कृषि प्रधान महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में उद्योग धंधों का घोर अभाव है जिस कारण रोजगार के लिए पलायन क्षेत्र की प्रमुख समस्या है। इसके अलावा स्थानीय लोगों की एक प्रमुख मांग महाराजगंज को जिला का दर्जा देने की रही है। भाजपा उम्मीदवार जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पिछले दस वर्षों के अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यों और मोदी की गारंटी के नाम पर लोगों को गोलबंद करने में जुटे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह भी महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों के साथ साथ पार्टी के घोषणा पत्र में किए गए वायदों के आधार पर जनता के बीच जा रहे हैं। यह देखना काफी रोचक होगा कि क्षेत्र के लगभग 18 लाख मतदाता भाजपा प्रत्याशी को लगातार तीसरी बार संसद भेजते हैं या एक नए चेहरे कांग्रेस के आकाश कुमार सिंह पर भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए महाराजगंज से पवन कुमार सिंह।

---

वीआईपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता बिनोद शर्मा भाजपा में शामिल हो गये हैं। पार्टी मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

---

चौथे चरण के मतदान के दौरान पुलिस और उत्पाद विभाग समेत अन्य एजेंसियों ने चार करोड़ अंठानवे लाख रूपये मूल्य की शराब जब्त की। वहीं, एक करोड़ उनतालीस लाख रूपये नकद बरामद किये गये। मतदान के दौरान कुल बासठ शिकायतें प्राप्त हुई, जिसका समय पर निष्पादन किया गया।

---

चक्रवातीय परिसंचरण का प्रभाव कम होने के कारण राज्य के अधिकतर भागों में मौसम में बदलाव हुआ है। राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व भागों को छोड़कर अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहा। कुछ स्थानों पर आंशिक रूप से बादल छाये रहे। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वैशाली, सीवान, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर मध्य स्तर की बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चार दिनों तक राज्य के ज्यादतर भागों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। विभाग ने कहा है कि सत्रह मई से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं, जिससे प्रदेश के विभिन्न भागों में बारिश की परिस्थितियां फिर से बनेंगी।

---

राज्य के सभी सरकारी स्कूल सोलह मई से सुबह छह बजे से दोपहर बारह बजे तक संचालित होंगे। शिक्षा विभाग वरिष्ठ अधिकारी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भेज दिया है। निर्देश में कहा गया है कि यह समय–सारणी तीस जून तक प्रभावी रहेगा। विशेष कक्षाओं के दौरान छात्र–छात्राओं को मध्याह्न भोजन दस से साढ़े दस बजे के बीच दिया जाएगा।

---

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ने अपने करोडों सदस्यों का जीवन आसान बनाने के उद्देश्य से शिक्षा, विवाह और आवास के लिए अग्रिम दावों का ऑटो–मोड से निपटान शुरू किया है। ईपीएफओ के ऑटो क्लेम सोल्यूशन के तहत सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के दावों का निपटान किया जाएगा। ऑटो मोड की शुरूआत अप्रैल दो हजार बीस में की गई थी, जिसमें बीमारी के लिए अग्रिम राशि लेने का प्रावधान था। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने बताया है कि अब यह राशि बढ़ाकर एक लाख रूपये कर दी गई है। चालू वर्ष में दो करोड़ पच्चीस लाख सदस्य यह सुविधा ले सकते हैं।

---

पिछले कई वर्षों से बंद सीतामढ़ी के रीगा चीनी मिल के जल्द शुरू होने की संभावना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके लिए ई–ऑक्शन आमंत्रित किये गये हैं। इसकी रिजर्व प्राईस इक्यानवे करोड़ रूपये रखा गया है। ई– ऑक्शन सत्ताईस मई को किया जाएगा।

---

मधेपुरा जिले के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के बैरबन्ना गांव के पास ट्रैक्टर और मोटरसाईकिल की टक्कर में मोटरसाईकिल सवार मामा–भांजी की मौत हो गई।

---

जमुई पुलिस ने अंतरजिला लूट गिरोह के दस अपराधियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से तीन पिस्तौल, छह कारतूस और नौ मोबाईलफोन बरामद किये गये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– बिहार की सियासत के युग पुरूष सुशील मोदी नहीं रहे।

**दैनिक जागरण** ने सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय के हवाले से लिखा है– जमाबंदी कानून से संबंधित पटना हाईकोर्ट के निर्णय पर रोक।

**दैनिक भास्कर** ने सीबीएसई की दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम को सुर्खी बनाते हुए लिखा है– बेटियां इस बार भी बेहतर– लेकिन पासिंग परसेंटेज पिछले साल से कम।

**प्रभात खबर** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को तरजीह देते हुए लिखा है– एनडीए होगा चार सौ पार, पाक को पहना देंगे चूड़ियां।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी का निधन। नई दिल्ली के एम्स में ली अंतिम सांस।

02. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज आखिरी दिन। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी में अपना पर्चा भरेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की पांच लोकसभा सीटों पर सत्तावन दशमलव शून्य–छह फीसदी हुआ मतदान।

04. और, पश्चिमी परिसंचरण का प्रभाव कम होने से राज्य के अधिकतर भागों में वर्षा में कमी। अगले चार दिनों तक तापमान में होगी वृद्धि। सत्रह मई से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।